श्री मूल चन्द मीणा: सभापति महोदय, भारत और बांगलादेश के विदेश सचिवों के बीच भारत और बांगलादेश की सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सहमति हुई थी और यह सहमति 3,286 किलोमीटर बाड़ लगाने की थी। वर्ष 2003 में भूटान सरकार ने अलगाववादियों के खिलाफ, जो अलगाववादी समूह भूटान के अंदर थे, जब उनके खिलाफ कार्रवाई की, तो बांगलादेश की सरकार ने उन्हें रोकने के लिए अपनी सेना को अलर्ट किया था और यह भारत और बांगलादेश के बीच बाड़ लगाने का काम पूरा हो नहीं पाया था। इससे कुछ अलगाववादी तत्व इस सीमा के माध्यम से हिन्दुस्तान के अंदर घुसे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच जो बाड़ लगाने के काम पर चर्चा हुई थी, सहमति हुई थी, वह बाड़ कब तक पूरी लग जाएगी?

श्री राव इन्द्रजीत सिंह: सभापति जी, कुल मिलाकर यह 3000 किलोमीटर के करीब बाड़ लगाने की अनुमति सरकार की तरफ से दी गई है, जिसमें दो-तिहाई क्षेत्र के अंदर आज के दिन तक तकरीबन-बाड़ लग चुकी है। कुल बोर्डर का लगभग 1000 किलोमीटर ऐसा एरिया है, जहां नदियों का बोर्डर है और वहां पर बाड़ लगाना असंभव है। मौजूदा स्थिति के अनुसार, आज के दिन, वर्ष 2006 के अंत तक, जो बकाया क्षेत्र रहा है, वहां पर बाड़ लगाने की कोशिश हो रही है।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, I would like to know whether the talks between the Foreign Secretaries of India and Bangladesh, which concluded on 25th June, reflected some changes in the attitude of Dhaka. I would also also like to know whether the Foreign Secretaries agreed to clear many of the pending proposals, which could contribute to improve relations between India and Bangladesh, and whether Dhaka has promised not to allow its territory to be used by anti-India forces like North Eastern insurgents.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): Sir, I am visiting Bangladesh day after tomorrow for two days and every single item on the Indo-Bangladesh issue will be taken up with the Bangladesh Government. I assure the House that if there is any matter that needs to be attended to, I will certainly address it at the highest quarters in Bangladesh.

Pakistan President's statement regarding self-governance in Kashmir

*174. SHRI AMAR SINGH:
SHRI ABU ASIM AZMI:†

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri Abu Asim Azmi.

(a) whether Government's attention has been drawn to the statement made by Pakistan President Musharraf to the effect that solution of Kashmir problem lies not in the autonomy but in 'self governance';

(b) whether it is a fact that Hurriyat Leaders during their recent visit to Pakistan had also advocated the concept of a United States of Kashmir from where Kashmiris can take a plane to Delhi, Islamabad or Tashkent; and

(c) if so, Government's reactions in regard thereto and in what manner Government propose to solve this problem?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI RAO INDERJIT SINGH): (a) to (c) A Statement is placed on the Table of the House.

Statement

Pakistan has, from time to time, *inter-alia*, made statements on self-governance for Kashmir. During his visit to PoK and Pakistan, Hurriyat leader Mirwaiz Omar Farooq, has reportedly said, *inter-alia* that they desired to be citizens of the United States of Kashmir.

The Government of India's principled and consistent position on the issue of Jammu & Kashmir is that the entire State of Jammu and Kashmir is an integral part of the Indian Union. A part of the territory of the State is under the forcible ocupation of Pakistan. India is committed under the Simla Agreement and the Lahore Declaration to resolve all issues with Pakistan peacefully through bilateral discussions.

श्री अबू आसिम आजमी: सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं। आज सच्चाई यह है, जो पूरी दुनिया अच्छी तरह से जानती है, कि कश्मीर के उग्रवादियों को पाकिस्तान की तरफ से हर तरह की सहायता मिल रही है और इसमें पाकिस्तान की कूटनीतिक चाल है। मेरा सीधा सा सवाल विदेश मंत्री जी से यह है कि क्या मंत्री जी ने इस समस्या को हल करने के लिए कोई नई तजवीज पेश की है, कोई नया रास्ता ढूंढा है? मैं यह भी जानना चाहता हूं, जैसे वर्ष 1978 में एक अखबार की रिपोर्ट में था कि वर्ष 1971 से अभी तक 182 भारतीय बगैर किसी चार्ज के पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं, तो उनको वापस लाने के लिए क्या कोई बातचीत हुई है, वे कब तक छूट जाएंगे?

† [شری ابو عاصم اعظمی: سر، میں آپ کے مادھیم سے منتری جی سے جاننا چاہتا ہوں۔ آج سچائی یہ ہے جو پوری دنیا اچھی طرح سے جانتی ہے، کہ کشمیر کے اُگرواديوں کو پاکستان کی طرف سے ہر طرح کی سہائتہ مل رہی ہے اور اس میں پاکستان کی کُوٹ نیتی چال ہے۔ میرا سیدھا سا سوال وِدیش منتری جی سے یہ ہے کہ کیا منتری جی نے اس سمسیہ کو حل کرنے کے لئے کوئی نئی تجویز پیش کی ہے، کوئی نیا راستہ ڈھونڈھا ہے؟ میں یہ بھی جاننا چاہتا ہوں، جیسے سال ۱۹۷۸ میں ایک اخبار کی رپورٹ میں تھا کہ سال ۱۹۷۱ سے ابھی تک ۱۸۲ بھارتی بغیر کسی چارج کے پاکستان کی جیلوں میں بند ہیں، تو ان کو واپس لانے کے لئے کیا کوئی بات چیت ہوئی ہے، وہ کب تک چھوٹ جائیں گے؟]

श्री राव इन्द्रजीत सिंह: महोदय, पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत का पाकिस्तान के प्रति principled stand यह रहा है --the Government of India's principled and consistent position on the issued of Jammu and Kashmir is that the entire State of Jammu and Kashmir is an integral part of the Union of India. A part of the territory of the State is under forcible occupation of Pakistan. India is committed under the Shimla Agreement and the Lahore Declaration to resolve all issues with Pakistan peacefully through bilateral discussions. Regarding the second issue, Sir, about 182 prisoners in Pakistani jails....

श्री अबू आसिम आजमी: सर, यह जवाब नहीं हुआ। मेरा सीधा सा सवाल था ...(व्यवधान)...

† [شری ابو عاصم اعظمی: سر، یہ جواب نہیں ہوا۔ میرا سیدھا سا سوال تھا.....مداخلت.....]

SHRI RAO INDERJIT SINGH: On numerous occasions, this thing has been taken up and the matter is constantly under review, and Pakistan has been releasing prisoners.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

Sale of former Indian Embassy Building in Bonn

*161. SHRI SANJAY RAUT: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to sell 100 years old former Indian Embassy Building in Bonn, Germany despite strong objection from the Indian Community in Germany:

---

†Transliteration of Urdu Script.